# DELHI PUBLIC SCHOOL PATAUDI

(Under the aegis of The Delhi Public School Society, New Delhi)

**"Don't be pushed around by the fears in your mind. Be led by the dreams in your heart"**

Dear Parents,

Warm greetings from DPS Pataudi!

It is with great enthusiasm and a deep sense of responsibility that I write to you as I begin my journey as the new **Principal of DPS Pataudi**. My association with the DPS family is not new. Earlier, I have headed DPS Rishikesh and worked with various reputed schools of the country. I feel truly honoured to carry forward the journey with the organization that is dedicated to nurturing young minds and shaping the future of our children. I am excited to work alongside our committed teachers and supportive parents in further strengthening this shared mission.

## My vision:

- While **academic excellence** will always remain a cornerstone of our efforts, we will extend our efforts in the direction where education meets the life skill and our children become future ready.
- Our goal is to **nurture confident**, compassionate and resilient learners who possess strong values, critical thinking abilities, creativity and the confidence to express their ideas.
- We aspire to create an environment where students are encouraged to discover their potential, pursue their passions and develop the skills needed to thrive in an ever-evolving world.
- A key focus will be on cultivating curiosity and a genuine love for learning. When students are encouraged to ask questions, explore concepts deeply and think independently.
- Along with strong academic foundations, we will continue to promote opportunities in sports, arts, innovation, leadership and community engagement, ensuring that students develop into well-rounded individuals.

## Our Achievements:

- Our student qualified **JEE Mains**
- Two students ranked **No 1 in International Hindi Olympiad**
- **Ranked No 1 school in Pataudi** under the category of Co-Ed Day school presented by Education Today
- One student **selected in Bihar Police** from show casing the phenomenon of 'Classroom to Serving Nation'
- Two **State level players** in Lawn Tennis
- Six students **selected in Sainik School** Entrance exam

## New Endeavours:

- Finacial Litracy is being introduced which makes money concepts practical and engaging through storytelling, projects and real life learning. This comes under NEP
- Association with **Vidyamandir Classes** that will fortify the overall results
- Through structured coaching and exposure to diverse supporting disciplines, we aim to creat opportunities for excellence at both inter school and higher level

## Working in Partnership:

- A strong partnership between school and parents leads to better results.

- I firmly believe that the most successful learning environments are built on trust, communication and collaboration between educators and families.
- Your encouragement, involvement and feedback are invaluable in helping us create enriching experiences that support our children's growth and well-being.

I also acknowledge the remarkable leadership of my predecessor, **Ms. Sunita Chopra**, who leaves behind a strong and inspiring legacy. As she retires after dedicating more than 20 years to DPS Rewari and DPS Pataudi, it is an honour to carry this legacy forward to building upon this foundation while continuing our shared journey towards excellence.

As we move forward together, my commitment is to build upon the strengths of the school while continuously striving for excellence and innovation in education. I look forward to meeting many of you in the coming months and working together to create an inspiring, nurturing, and forward-looking learning community for our children.

Warm regards,
Neelam Thapliyal
Principal
DPS Pataudi

# DELHI PUBLIC SCHOOL PATAUDI
(Under the aegis of The Delhi Public School Society, New Delhi)

"अपने मन के डर से खुद को नियंत्रित न होने दें, बल्कि अपने हृदय के सपनों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ें।"

प्रिय अभिभावकों,
डीपीएस पटौदी की ओर से सादर नमस्कार!

यह मेरे लिए अत्यंत उत्साह और गहरी जिम्मेदारी का विषय है कि मैं **डीपीएस पटौदी की नई प्राचार्या** के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए आपसे संवाद कर रही हूँ। डीपीएस परिवार के साथ मेरा जुड़ाव नया नहीं है। इससे पूर्व मैंने डीपीएस ऋषिकेश का नेतृत्व किया है तथा देश के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त किया है। ऐसे संस्थान के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ाना मेरे लिए गौरव की बात है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण और उनके समग्र विकास के लिए समर्पित है। मैं हमारे समर्पित शिक्षकों और सहयोगी अभिभावकों के साथ मिलकर इस साझा उद्देश्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए उत्साहित हूँ।

**मेरा दृष्टिकोण:**

• शैक्षणिक उत्कृष्टता हमारे प्रयासों का मुख्य आधार रहेगी, साथ ही हम शिक्षा को जीवन कौशल से जोड़ते हुए अपने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करेंगे।
• हमारा उद्देश्य ऐसे आत्मविश्वासी, संवेदनशील और दृढ़ संकल्प वाले विद्यार्थियों का निर्माण करना है, जिनमें सशक्त मूल्य, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त करने की क्षमता हो।
• हम ऐसा वातावरण विकसित करना चाहते हैं जहाँ विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को पहचानें, अपनी रुचियों का अनुसरण करें और बदलती दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करें।
• हमारा प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा और सीखने के प्रति सच्चा प्रेम विकसित करना होगा, जहाँ वे प्रश्न पूछें, गहराई से समझें और स्वतंत्र रूप से सोचें।
• मजबूत शैक्षणिक आधार के साथ-साथ हम खेल, कला, नवाचार, नेतृत्व और सामुदायिक सहभागिता के अवसरों को बढ़ावा देंगे, ताकि विद्यार्थी संतुलित और बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ विकसित हो सकें।

**हमारी उपलब्धियाँ:**

• हमारे एक विद्यार्थी ने **जेईई मेन्स में सफलता प्राप्त** की।
• दो विद्यार्थियों ने **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
• एजुकेशन टुडे द्वारा डीपीएस पटौदी को पटौदी में सह-शिक्षा श्रेणी में **नंबर 1 विद्यालय** का दर्जा प्राप्त हुआ।
• एक विद्यार्थी का चयन **बिहार पुलिस** में हुआ, जो 'कक्षा से राष्ट्र सेवा' की प्रेरणादायक मिसाल है।
• दो विद्यार्थी लॉन टेनिस में **राज्य स्तर के खिलाड़ी** हैं।
• छह विद्यार्थियों का चयन **सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा** में हुआ।

**नई पहल:**

• वित्तीय साक्षरता की शुरुआत की जा रही है, जिससे धन संबंधी अवधारणाओं को कहानियों, परियोजनाओं और वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से व्यावहारिक और रोचक बनाया जाएगा। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत है।

• विद्यामंदिर क्लासेस के साथ सहयोग, जिससे शैक्षणिक परिणामों को और सुदृढ़ किया जाएगा।

• संरचित प्रशिक्षण और विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हम अंतर-विद्यालयी और उच्च स्तर पर उत्कृष्टता के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं।

**सहयोग के साथ आगे बढ़ना:**

• विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत साझेदारी बेहतर परिणामों की कुंजी है।

• मेरा दृढ़ विश्वास है कि सबसे सफल शिक्षण वातावरण विश्वास, संवाद और सहयोग पर आधारित होता है।

• आपका प्रोत्साहन, सहभागिता और सुझाव हमारे बच्चों के समग्र विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मैं अपनी पूर्ववर्ती प्राचार्या **सुश्री सुनीता चोपड़ा** के उत्कृष्ट नेतृत्व को भी सादर स्वीकार करती हूँ, जिन्होंने एक सशक्त और प्रेरणादायक विरासत स्थापित की है। डीपीएस रेवाड़ी और डीपीएस पटौदी में 20 से अधिक वर्षों तक अपने समर्पित योगदान के पश्चात उनके सेवानिवृत्त होने पर, इस सुदृढ़ आधार को आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। हम इसी विरासत को संजोते हुए उत्कृष्टता की अपनी साझा यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आगे बढ़ते हुए, मेरी प्रतिबद्धता विद्यालय की शक्तियों को और सुदृढ़ बनाते हुए शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में निरंतर कार्य करने की है। मैं आने वाले समय में आप सभी से मिलने और मिलकर हमारे बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी, सशक्त और भविष्य उन्मुख शिक्षण वातावरण तैयार करने की अपेक्षा रखती हूँ।

सादर,
नीलम थपलियाल
प्राचार्या
डीपीएस पटौदी